- **आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र :** आरक्षण प्रमाण–पत्र जैसे अन्य पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, सैनिक आश्रित, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी आश्रित, विकलांग आदि को आरक्षण का लाभ प्रवेश के समय सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उक्त प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना आवश्यक है। जो अभ्यर्थी आवेदन–पत्र में दर्शाये गये आरक्षण वर्ग के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र प्रवेश के समय प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पायेंगे वे प्रवेश के पात्र नहीं होंगे। अतः अभ्यर्थी को चाहिए कि वह आवेदन करते समय आरक्षण वर्ग तथा उपवर्ग के कालम का विशेष ध्यान रखें तथा आरक्षित वर्गों की सीटों हेतु तब ही आवेदन करें जब वे वाँछित प्रमाण–पत्र रखते हों एवं प्रवेश के समय प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकें, क्योंकि बाद में उन्हें अन्य वर्ग में किसी भी परिस्थितियों में समायोजित नहीं किया जायेगा।
- **प्रवेश पत्र :** प्रवेश पत्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तिथि के 15 दिन पूर्व, परिषद् की वेबसाईट पर आनलाईन उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी को चाहिए कि वह प्रवेश–पत्र पर अंकित आरक्षण वर्ग, उपवर्ग भली–भाँति चेक कर लें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आनलाईन ही त्रुटि का सुधार संभव होगा।
- प्रवेश के समय आरक्षण वर्ग का प्रमाण–पत्र प्रारूप पर प्रस्तुत न कर पाने की दशा में अभ्यर्थन स्वतः समाप्त हो जायेगा, और इस सन्दर्भ में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। प्रवेश परीक्षा–2022 में चयनित अभ्यर्थियों का चयन केवल सत्र–2022–23 के लिये है। यह चयन किसी भी दशा में अगले सत्र के लिये मान्य नहीं होगा।

- **प्रवेश परीक्षा केन्द्र/शहर –** परीक्षा केन्द्र/शहर निम्नवत हैं:–

| शहर का नाम | कोड | शहर का नाम | कोड | शहर का नाम | कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| हरिद्वार | 11 | गौचर(चमोली) | 16 | पिथौरागढ़ | 21 |
| देहरादून | 12 | रूद्रप्रयाग | 17 | बागेश्वर | 22 |
| नई टिहरी | 13 | काशीपुर(उ0सिं0 नगर) | 18 | लोहाघाट(चम्पावत) | 23 |
| उत्तरकाशी | 14 | हल्द्वानी(नैनीताल) | 19 | | |
| श्रीनगर(पौड़ी) | 15 | अल्मोड़ा | 20 | | |

नोटः

1. अभ्यर्थी कृपया यह नोट कर लें कि उनके द्वारा प्रवेश परीक्षा हेतु दिये गये प्रथम विकल्प परीक्षा केन्द्र पर यदि छात्रों की संख्या 100 से कम पायी जाती है तो उन्हें निकटतम परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा।
   आयोजक संस्था को यह अधिकार होगा कि किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी केन्द्र से परीक्षा देने की अनुमति दे सकता है। आयोजक संस्था द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
2. यदि कोई अभ्यर्थी संयुक्त प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम ग्रुप कोड E तथा P के पाठ्यक्रमों की परीक्षा में बैठने हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हताएं रखता है तथा वह एक से अधिक ग्रुपों की परीक्षाओं में बैठने का इच्छुक है तो उसे प्रत्येक ग्रुप की परीक्षाओं हेतु अलग–अलग आवेदन करने होंगे। ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र हेतु विकल्प ऊपर लिखित शहरों में से ही दें ताकि उन्हें सभी परीक्षाओं (प्रातः पाली एवं सायं पाली/अगली तिथि की प्रातः पाली एवं सायं पाली) में सम्मिलित होने में कोई असुविधा न हो तथा भिन्न–भिन्न परीक्षा केन्द्र न मिलें। यथा सम्भव प्रयास किया जायेगा कि विकल्प के मुताबिक अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र आंवटित किया जायेगा परन्तु इस प्रकार कि कोई बाध्यता परिषद की नही होगी।

## ➢ अन्य आवश्यक निर्देशः–

- उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् रूड़की द्वारा संचालित **"संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलीटेकनिक्स–2022"** में सम्मिलित होने से अभ्यर्थी उन सभी नियमों, प्रतिबन्धों से आबद्ध हो जाता है जो इस विवरण–पुस्तिका में विभिन्न स्थानों पर दिये गये हैं या जिन्हें समय–समय पर परिषद् या राज्य सरकार परिवर्तित करे या लागू करे।
- यदि किसी अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत सूचना प्रवेश से पूर्व/प्रवेश के समय या भविष्य में असत्य पायी जाती है तो अभ्यर्थी का अभ्यर्थन/प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
- इस विवरण–पुस्तिका में दिये गये विवरण अभ्यर्थियों के सूचनार्थ तथा निर्देशार्थ है। अतः इसका उपयोग वर्णित कार्य के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य के लिये मान्य नहीं होगा। वाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र देहरादून में स्थित न्यायालय ही मान्य है। परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में परिषद् का निर्णय अन्तिम होगा तथा वे परिषद् के निर्देश मानने हेतु बाध्य होंगे।
- अभ्यर्थी का चयन केवल इस वर्ष के लिये ही किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी किसी कारणवश (अघोषित परीक्षाफल, अपूर्ण परीक्षाफल, पूरक परीक्षा, अंकतालिका न मिलने, टी.सी. न मिलने, अन्य वाँछित प्रमाण–पत्र न प्रस्तुत कर पाने आदि–आदि।) प्रवेश की तिथि तक सभी वाँछित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर प्रवेश नहीं ले पाता है, तो उसका चयन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा और इसका उत्तरदायित्व परिषद् पर नहीं होगा तथा उसे अगले वर्ष प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
- इस विवरण–पुस्तिका के अतिरिक्त परिषद् द्वारा अथवा उसकी ओर से अन्य किसी भी संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन/गाइडेन्स हेतु किसी प्रकार का कोई प्रकाशन नहीं किया गया है। यदि कोई संस्थान/परिषद् के नाम का दुरुपयोग करता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

- अभ्यर्थी को चाहिये कि आनलाईन आवेदन करने से पूर्व विवरण–पुस्तिका का भली–भाँति अध्ययन कर लें। **आरक्षण, उपवर्ग, फार्म भरने की अन्तिम तिथि, मांगे गये शहर का नाम** (जहां से वह परीक्षा देना चाहता है।) अवश्य नोट कर लें, जिससे कि बाद में आवश्यकता पड़ने पर वह संदर्भ दे सकें। ऑनलाईन फार्म का प्रिन्ट आउट परिषद् में भेजने की आवश्यकता नहीं है।
- अभ्यर्थी को चाहिये कि वह आरक्षण वर्ग तथा उपवर्ग प्रत्येक जगह सही–सही भरें तथा चेक कर लें कि उसको आनलाईन प्रवेश–पत्र पर अंकित उसका आरक्षण वर्ग तथा उपवर्ग सही है। त्रुटि होने पर परिषद् कार्यालय से तुरन्त सम्पर्क कर त्रुटि सुधार करवा लें। प्रवेश होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रारूपों पर संबंधित आरक्षण वर्ग/उपवर्ग का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत न कर पाने पर अभ्यर्थी का प्रवेश स्वतः ही समाप्त हो जायेगा और इस सम्बन्ध में उसका कोई भी दावा मान्य न होगा तथा यह चयन किसी भी स्थिति में अगले वर्ष के लिये मान्य नहीं होगा।
- निदेशक प्राविधिक शिक्षा के पत्रांक 215/प्रदेश एनटीपीसी/2012–13 दि. 12–12–2012 के संदर्भ में राजकीय पॉलीटेक्निक कालाढुंगी में सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश क्षमता की 10% सीटें एनटीपीसी में तैनात कार्मिकों के आश्रित अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है।
- उपरोक्त संस्थायें एवं पाठ्यक्रम् ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा सत्र 2021–22 में दिये गये अनुमोदन के आधार पर दर्शायी गयी हैं, जो कि अनन्तिम हैं। इनमें विभाग/शासन द्वारा निरीक्षण/जाँच किये जाने पर अथवा किसी भी प्रकार की कमी अथवा अनुशासनहीनता पाये जाने पर कभी भी परिवर्तन/निरस्त किया जा सकता है। ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा सत्र 2022–23 हेतु प्रदान किये जाने वाले अनुमोदन के आधार पर काउंसिलंग का आयोजन किया जायेगा।
- शासनादेश सं0 740/XLI-1/2011-26/10 प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा अनुभाग, देहरादून दिनांक 19 अगस्त 2011 के अनुसार ग्रुप–ए के अनुसार इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु शासनादेश में दर्शायी गयी शाखाओं में 10–10 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें क्रमशः आई0टी0आई0 तथा 10+2 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिये निम्नानुसार होंगीः–

**शासनादेश संख्या– 740/XLI-1/2011-26/10 प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा अनुभाग, देहरादून दिनांक 19 अगस्त 2011 का संलग्नक–1**
**डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आई0टी0आई0 ट्रेडवार न्यूनतम शैक्षिक अर्हता एवं पाठ्यक्रमों का विवरण**

| क्र0 सं0 | आई0टी0आई0 ट्रेड का नाम | अवधि आई0 टी0 आई0 ट्रेड | डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (द्वितीय वर्ष) | उत्तीर्ण किये जाने वाले अनिवार्य विषय | टिप्पणी | डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | फिटर | 02 वर्ष | मैकेनिकल इंजी0, | 1. English & Communication Skills-I<br>2. Applied Mathematics-I<br>3. Applied Physics-I<br>4. Applied Chemistry-I<br>5. Basics of Information Technology | स्तम्भ–5 में अंकित विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है किन्तु कुल योग में इनके अंक नहीं जोड़े जायेंगे। | कुल प्रवेश क्षमता का 10 प्रतिशत अतिरिक्त। |
| 2. | टर्नर | 02 वर्ष | मैकेनिकल इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 3. | मशीनिष्ट | 02 वर्ष | मैकेनिकल इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 4. | रेफ्रीजरेशन एण्ड एयर कण्डीशन मैकेनिक | 02 वर्ष | मैकेनिकल इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 5. | ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | 02 वर्ष | मैकेनिकल इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 6. | मैकेनिकल मोटर व्हीकल | 02 वर्ष | मैकेनिकल इंजी0 (आटोमोबाईल), | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 7. | इलैक्ट्रीशियन | 02 वर्ष | इलैक्ट्रिकल इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |

| क्र0 सं0 | आई0टी0आई0 ट्रेड का नाम | अवधि आई0 टी0 आई0 ट्रेड | डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (द्वितीय वर्ष) | उत्तीर्ण किये जाने वाले अनिवार्य विषय | टिप्पणी | डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8. | वायरमैन | 02 वर्ष | इलैक्ट्रिकल इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 9. | ड्राफ्ट्समैन सिविल | 02 वर्ष | सिविल इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 10. | सर्वेयर | 02 वर्ष | सिविल इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 11. | मैकेनिक रेडियो एण्ड टी0वी0 | 02 वर्ष | इलैक्ट्रॉनिक्स इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 12. | मैकेनिक इलैक्ट्रॉनिक्स | 02 वर्ष | इलैक्ट्रॉनिक्स इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 13. | इन्स्ट्रुमेन्ट मैकेनिक | 02 वर्ष | इलैक्ट्रॉनिक्स इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 14. | मैकेनिक कम ऑपरेटर इलैक्ट्रॉ. कम्यूनिकेशन सिस्टम | 02 वर्ष | इलैक्ट्रॉनिक्स इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 15. | इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी एण्ड इलै0 सिस्ट0 मैन्टि0 | 02 वर्ष | इलैक्ट्रॉनिक्स इंजी0, | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |

उपरोक्तानुसार 2 वर्षीय आई0टी0आई0 फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, रेफ्रीजरेशन एण्ड एयर कंडीशन मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी यांत्रिक अभियंत्रण/ मैकेनिकल मोटर व्हीकल प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी यांत्रिक अभियंत्रण (आटोमोबाईल)/इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी विद्युत इंजी0/ड्राफ्ट्समैन, सर्वेयर प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी सिविल इंजी0/मैकेनिक रेडियो एंड टी0वी0, मैकेनिक इलेक्ट्रानिक्स, इन्स्ट्रूमेन्ट मैकेनिक, मैकेनिक कम आपरेटर इलेक्ट्रॉ कम्यूनिकेशन सिस्टम, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एण्ड इलै0 सिस्ट0 मैन्टि0 प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 द्वितीय वर्ष में प्रवेश के पात्र होंगे। अतः आई0टी0आई0 उत्तीर्ण छात्र कृपया उपरोक्त सारिणी का भली–भॉति अध्ययन कर सुनिश्चित कर लें कि वह जिस पाठ्यक्रम में आवेदन करना चाहते हैं, उससे सम्बन्धित प्रवेश अर्हता एवं अन्य शर्तें पूर्ण करते हैं।

**शासनादेश संख्या– 740/XLI-1/2011-26/10 प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा अनुभाग, देहरादून दिनांक 19 अगस्त 2011 का संलग्नक–2**
**डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण तथा न्यूनतम शैक्षिक अर्हता एवं पाठ्यक्रमों का विवरण**

| क्र0 सं0 | शैक्षिक योग्यता | प्रस्तावित डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (द्वितीय वर्ष) | उत्तीर्ण किये जाने वाले अनिवार्य विषय | टिप्पणी | डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण (भौतिकी, रसायन एवं गणित विषय सहित) | कोई भी इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम | 1. English & Communication Skills-I<br>2. Applied Mathematics-I<br>3. Applied Physics-I<br>4. Applied Chemistry-I<br>5. Basics of Information Technology<br>6. Engineering Drawing-I | स्तम्भ–4 में अंकित विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है किन्तु कुल योग में इनके अंक नहीं जोड़े जायेंगे। | कुल प्रवेश क्षमता का 10 प्रतिशत अतिरिक्त। |
| 2. | इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण (व्यावसायिक/ प्राविधिक विषय सहित) | व्यावसायिक/ प्राविधिक विषय के अनुसार संबंधित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम | 1. English & Communication Skills-I<br>2. Applied Mathematics-I<br>3. Applied Physics-I<br>4. Applied Chemistry-I<br>5. Basics of Information Technology<br>6. Engineering Drawing-I | स्तम्भ–4 में अंकित विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है किन्तु कुल योग में इनके अंक नहीं जोड़े जायेंगे। | कुल प्रवेश क्षमता का 10 प्रतिशत अतिरिक्त। |

**संस्थायें एवं पाठ्यक्रम :** उत्तराखण्ड राज्य में प्राविधिक शिक्षा की राज्य सरकार द्वारा संचालित राजकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी डिप्लोमा स्तर की संस्थायें है, जिनमें रोजगारपरक तथा उद्योगोन्मुखी परम्परागत तकनीकी तथा नई उभरती तकनीकी के 35 पाठ्यक्रम संचालित हैं।

**पठन–पाठन की व्यवस्था :**

- विज्ञान एवं टेक्नोलाजी के क्षेत्र में हो रहे बहुआयामी विकास के कारण प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य में हो रहे क्रान्तिकारी परिवर्तनों के अनुरूप तकनीकी शिक्षा के पाठ्यक्रमों में शिक्षण–प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था है।
- तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता के अनुरूप साज–सज्जा, आधुनिक मशीनों तथा प्रशिक्षण व्यवस्था का सुदृढीकरण, उद्योगोन्मुखी एवं रोजगारपरक नवीन पाठ्यक्रमों की आधारभूत संरचना।

## अनुसूचित जाति/जनजाति एवं ओ0बी0सी0 अभ्यर्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियॉ सम्बन्धी जानकारी

समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं ओ0बी0सी0 के अर्ह अभ्यर्थियों को प्रवेश के उपरान्त शिक्षण शुल्क छात्रवृत्ति के रूप में वापस किया जाता है।

**महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था:**

- महिलाओं हेतु प्रदेश में 2 पालीटेकनिक संचालित किये जा रहे हैं, जिनमें चल रहे रूचिकर एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में केवल महिलाओं के लिए ही प्रशिक्षण उपलब्ध है।
- महिला पालीटेकनिकों के अतिरिक्त महिलाओं के लिये समस्त पालीटेकनिकों में 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी की गयी है।
- छात्राओं के लिए छात्रावास, एन0एस0एस0 प्रशिक्षण एवं पुस्तकालय एवं वाचनालय की सुविधा भी उपलब्ध है।

**शिक्षणेत्तर क्रियाकलाप :** संस्था स्तर/क्षेत्रीय स्तर एवं राज्य स्तर पर खेलकूद, वादविवाद, सांस्कृतिक एवं अन्य बहुआयामी कार्यक्रमों का आयोजन।

**विकलांगों हेतु विशेष प्रशिक्षण :** श्रवण एवं अस्थि विकलांगों को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु के0एल0पालीटेकनिक रूड़की (हरिद्वार) में विकलांग अभ्यर्थियों हेतु भारत सरकार द्वारा संस्थान में विकलांग छात्रों को निःशुल्क प्रशिक्षण, छात्रावासीय सुविधा, रू0 190.00 प्रतिमाह की छात्रवृत्ति, रू0 250.00 प्रतिमाह की फूड सब्सिडी तथा संस्था की निशुल्क यूनीफार्म प्रदान की जाती है।

**ऑनलाईन काउंसिलिंग एवं सीट आवंटन का संक्षिप्त विवरण :** परिषद् द्वारा प्रवेश परीक्षाफल घोषणा के उपरान्त भारत सरकार की इकाई एन0आई0सी0 के सहयोग से आनलाईन काउंसिलिंग का आयोजन किया जाता है। जिसमें अभ्यर्थी कहीं से भी जहॉ इन्टरनेट की सुविधा हो काउंसिलिंग में सम्मिलित हो सकता है। अभ्यर्थियों द्वारा आनलाईन विकल्प भरने के उपरान्त एन0आई0सी0 के द्वारा प्रवेश सूची भी इन्टरनेट के माध्यम से तथा मोबाईल के माध्यम से जारी की जाती है। काउंसिलिंग की तिथियों की सूचना परिषद् के द्वारा समाचार पत्रों एवं वेबसाईट के माध्यम से प्रकाशित की जाती है।

**संस्था में छात्र की उपस्थिति की अनिवार्यता सम्बन्धी विवरण :** प्रवेश के उपरान्त छात्र को वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये 80 प्रतिशत उपस्थिति होनी अनिवार्य है।

**सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी का विवरण :** सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में परिषद् में प्रथम अपीलीय अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक सूचना अधिकारी की नियुक्ति कर दी गयी है।

**संस्थाओं में रैगिंग से सम्बन्धित नियम :** माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में पालीटेकनिक संस्थाओं में रैगिंग किया जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। जिसके लिये प्रत्येक वर्ष समस्त पालीटेकनिकों में प्रधानाचार्यों द्वारा एन्टी रैगिंग स्क्वायड की नियुक्ति किया जाना अनिवार्य है।

**राजकीय/महिला/ग्रामीण/सहायता प्राप्त पालीटेकनिक संस्थाओं में उत्तराखण्ड शासनादेश सं0 245/XLI-1/2016-61/09 देहरादून दिनांक 15 फरवरी 2016 एवं शासनादेश सं0 744/ XLI-1/2016-61/09 दिनांक 14 जून 2017 के द्वारा निर्धारित शुल्क ढाँचा:–**

| क्र0 सं0 | | शुल्क की मदें | शुल्क दरें ₹ में |
|---|---|---|---|
| 1 | | **शिक्षण शुल्क** | **8000.00** |
| 2 | | **छात्र निधि शुल्क** | **5000.00** |
| | 1 | प्रवेश फार्म एवं प्रवेश शुल्क निबंधन | 50.00 |
| | 2 | परिचय पत्र शुल्क | 50.00 |
| | 3 | क्रीड़ा शुल्क | 250.00 |
| | 4 | वार्षिकोत्सव शुल्क | 100.00 |
| | 5 | शैक्षिक परीक्षा शुल्क | 100.00 |
| | 6 | मैग्जीन शुल्क | 100.00 |
| | 7 | हॉबी सेन्टर शुल्क | 50.00 |
| | 8 | विद्युत शुल्क | 1000.00 |
| | 9 | कॉसन मनी संस्थागत् (refundable) | 100.00 |
| | 10 | शैक्षिक/औद्योगिक भ्रमण | 300.00 |
| | 11 | अनुरक्षण शुल्क | 1500.00 |
| | 12 | कम्प्यूटर/इन्टरनेट शुल्क | 500.00 |
| | 13 | विकास/भवन विकास शुल्क | 500.00 |
| | 14 | पुस्तकालय शुल्क | 100.00 |

| क्र0 सं0 | शुल्क की मदें | शुल्क दरें ₹ में |
|---|---|---|
| | 15 छात्र वेलफेयर शुल्क | 100.00 |
| | 16 एन0सी0सी0 शुल्क | 100.00 |
| | 17 पुस्तकालय काशन मनी | 100.00 |
| 3 | **छात्रावास शुल्क** | **4000.00** |
| | 18 छात्रावास शुल्क | 600.00 |
| | 19 छात्रावास काशन मनी | 200.00 |
| | 20 छात्रावास अनुरक्षण शुल्क | 2000.00 |
| | 21 छात्रावास विद्युत शुल्क | 1100.00 |
| | 22 बर्तन चन्दा | 100.00 |
| | **बोर्ड परीक्षा शुल्क**<br>**मुख्य परीक्षा शुल्क** (सभी छात्रों हेतु एक समान) | राजकीय–500.0<br>निजी क्षेत्र–1000.0 |
| | **परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क** | 200/- |
| | **बैक पेपर परीक्षा शुल्क** (सभी छात्रों हेतु एक समान) | 200/- प्रति विषय |
| | **स्क्रूटनी शुल्क** | 250/- प्रति विषय |
| | **अंकतालिका शुल्क**<br>(संस्था द्वारा निर्गत करने पर)<br>(परिषद् द्वारा निर्गत करने पर) | <br>20.00<br>30.00 |
| | **पुर्नमूल्यांकन** | 2000/- प्रति विषय |

**नोटः प्रवेशित छात्र–छात्राओं द्वारा मात्र एक ही संस्थान में शुल्क जमा किया जायेगा। छात्र–छात्रा का जीप–द्वितीय/तृतीय काउंसिलिंग के माध्यम से पॉलीटेकनिक एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन होने की दशा में नयी संस्था में प्रवेश पुरानी संस्था द्वारा प्रदत्त रिलीविंग सर्टिफिकेट (जिसमें छात्र द्वारा जमा किये गये समस्त शुल्क का विस्तृत विवरण उपलब्ध होगा) प्रस्तुत करने पर होगा एवं छात्र से नयी स्थानान्तरित संस्था में कोई शुल्क (शिक्षण/छात्रनिधि) नहीं लिया जायेगा।**

**निजी क्षेत्र के पालीटेकनिक संस्थाओं में उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0 1363/XXIV(8)/2009-03/04 दिनाँक 27 अक्टूबर, 2009 एवं 600/XXIV(8)/2010-51/2005 दिनाँक 28 अप्रैल 2010 के अनुसार शुल्क ढाँचा:–**

| क्रं0 सं0 | संस्था का नाम | पाठ्यक्रम का नाम | निर्धारित शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | शाकुम्भरी इन्स्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एवं टेक्नोलाजी, रूड़की | डी0फार्मा | ₹ 45000 प्रतिवर्ष (अनन्तिम) |
| 2 | विशम्बर सहाय डिप्लोमा इंजी0 कालेज, देहरादून | इंजीनियरिंग शाखा | ₹ 35000 प्रतिवर्ष (अनन्तिम) |
| 3 | माडर्न इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, ऋषिकेश | डी0फार्मा | ₹ 45000 प्रतिवर्ष (अनन्तिम) |
| 4 | ज्ञानी इन्दर सिंह इन्स्टीट्यूट आफ एजुकेशन साइन्स एवं टेक्नोलाजी, देहरादून | डी0फार्मा | ₹ 45000 प्रतिवर्ष |
| 5 | रूड़की कालेज आफ फार्मेसी किशनपुर, रूड़की | डी0फार्मा | ₹ 45000 प्रतिवर्ष |
| 6 | श्री देव भूमि इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन साइन्स एवं टेक्नोलाजी, देहरादून | डी0फार्मा | ₹ 45000 प्रतिवर्ष (अनन्तिम) |
| 7 | बी0एस0 नेगी, महिला प्राविधिक प्रशिक्षण संस्थान, देहरादून | फैशन डिजायन, गारमेन्ट टैक्नोलाजी | ₹ 22300 प्रतिवर्ष |
| 8 | सिद्धार्थ इन्स्टीट्यूट आफ फार्मेसी सहस्त्रधारा रोड़ देहरादून | डी0फार्मा | ₹ 45000 प्रतिवर्ष |
| 9 | रामानन्द इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, ज्वालापुर हरिद्वार | डी0फार्मा | ₹ 45000 प्रतिवर्ष |

डिप्लोमा स्तरीय इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों से संबंधित ऐसे संस्थान जिनके द्वारा अभी तक शुल्क निर्धारण का प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराया है, उनके द्वारा भी अनन्तिम रूप से ₹ 35000/– का वार्षिक शुल्क तथा डी0फार्मा हेतु ₹ 45000/– प्रतिवर्ष ही छात्रों से लिया जायेगा। निजी क्षेत्र के होटल मैनेजमेन्ट संस्थानों में उत्तराखण्ड के शासनादेश सं0 773/XXIV(8)/2006-51/2005 TC दिनाँक 23 अगस्त 2006 के अनुसार होटल मैनेजमेन्ट पाठ्यक्रम के लिये ₹ 43000/– निर्धारित किया गया है।

## उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा पालीटेकनिक संस्थाओं संचालित पाठ्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण

| क्रं0 सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम अवधि | पाठ्यक्रम परिचय | रोजगार के अवसर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | केमिकल इंजीनियरिंग | तीन वर्ष | केमिकल प्लान्ट आपरेशन, विभिन्न उपकरणों, मशीनों की सर्विसिंग, विभिन्न उत्पाद निर्माण प्रक्रिया तकनीक, प्रोसेस कन्ट्रोल, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का सेटअप, पर्यावरण प्रदूषण, सेफ्टी तकनीक। | केमिकल निर्माण उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, डिस्टिलरी उद्योग में, शुगर मिल्स में, विभिन्न सरकारी उद्योगों में, शैक्षिक संस्थाओं में, दवा उद्योगों में, विभिन्न उत्पादक उद्योगों में तथा स्वरोजगार। |
| 2 | केमिकल टेक्नोलाजी (पेन्ट) | तदैव | तदैव | तदैव |
| 3 | इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 | तदैव | इलेक्ट्रानिक्स आइटम की एसेम्बली, मैन्युफैक्चरिंग सर्विसिंग एण्ड मेन्टीनेन्स, सेल्स एण्ड मार्केटिंग। | एच0ए0एल0, टी0वी0 निर्माण कम्पनी, आकाशवाणी, एअरपोर्ट अथॉरिटी, नागरिक उड्डयन, डाक एवं तार विभाग, दूरसंचार, बी.ई.एल., बी.एच.ई.एल. विद्युत परिषद्, इलेक्ट्रानिक्स निर्माण उद्योग। |
| 4 | इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी0 | तदैव | इलेक्ट्रानिक्स आइटम की एसेम्बली, मैन्युफैक्चरिंग सर्विसिंग एण्ड मेन्टीनेन्स, सेल्स एण्ड मार्केटिंग। | एच0ए0एल0, टी0वी0 निर्माण कम्पनी, आकाशवाणी, एअरपोर्ट अथॉरिटी, नागरिक उड्डयन, डाक एवं तार |

| क्र0 सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम अवधि | पाठ्यक्रम परिचय | रोजगार के अवसर |
|---|---|---|---|---|
| | | | | विभाग, दूरसंचार, बी.ई.एल., बी.एच.ई.एल. विद्युत परिषद्, इलेक्ट्रानिक्स निर्माण उद्योग। |
| 5 | कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | तदैव | कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, हार्डवेयर के सम्बन्ध में जानकारी। | कम्प्यूटर निर्माण उद्योग/प्रतिष्ठान एवं कार्यालय, अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य, साफ्टवेयर निर्माण उद्योग में। |
| 6 | इन्टीरियर डिजाइन | तदैव | भवनों की आन्तरिक साज–सज्जा की प्लानिंग, ड्राफ्टिंग तथा सुपरविजन। | डिजाइनिंग कन्सलटेन्सी, टूरिज्म विभाग, निजी निर्माण, समस्त शो रूम में, फर्नीचर डिजाइन आदि में। |
| 7 | इन्फॉर्मेशन टेक्नोलाजी | तदैव | वेब डिजाइनिंग, बिजनेस शापिंग तथा इन्टरनेट द्वारा त्वरित सूचनाओं का आदान–प्रदान। | सरकारी एवं निजी संस्थाओं में रोजगार। |
| 8 | टेक्सटाईल डिजाइन | तदैव | फैब्रिक डिजाइन, ड्राइंग, ब्लीचिंग, बॉटिक, स्टेन्सिल प्रिंटिंग/डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस आदि। | कपड़ा उद्योग, हैण्डलूम उद्योग, विभिन्न सरकारी विभागों में, डाइंग तथा प्रिंटिंग में स्वरोजगार। |
| 9 | फार्मेसी | दो वर्ष | बायो–कैमिस्ट्री, स्वास्थ्य शिक्षा मानव शरीर–संरचना क्रिया प्रणाली, दवा निर्माण तकनीक। | सरकारी/गैर सरकारी दवा स्टोर रूम में, शिक्षण संस्थाओं में तथा दवा निर्माण कम्पनी में। |
| 10 | गारमेन्ट टेक्नोलाजी | तीन वर्ष | ड्रेस डिजाइनिंग, पैटर्न ड्राफ्टिंग, फैब्रीकेशन टेकनीक से सम्बन्धित जानकारी | परिधान निर्माण उद्योग, टेक्सटाईल डाइंग, प्रिंटिंग, एक्सपोर्ट हाउसेस, बुटीक केन्द्र तथा स्वरोजगार। |
| 11 | माडर्न आफिस मैनेजमेन्ट एण्ड सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस | दो वर्ष | सचिवीय कार्य/वैयक्तिक सहायक के कार्य | केन्द्रीय, राज्य सरकार एवं निजी संस्थानों में। |
| 12 | फैशन डिजाइनिंग | तीन वर्ष | पैटर्न ड्राफ्टिंग/डिजाइनिंग, स्केचिंग, फैब्रीकेशन टैकनिक इम्ब्रायडरी आदि। | परिधान निर्माण उद्योग, फैशन म्युजियम्स, मैगजीन डिजाइनर तथा फैशन शो में। |
| 13 | पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | दो वर्ष | कम्प्यूटर साफ्टवेयर के सम्बन्ध में जानकारी | सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में कम्प्यूटर उद्योगों में, निजी प्रतिष्ठानों में एवं अन्य में। |
| 14 | सिविल इंजी0 | तीन वर्ष | सम्बन्धित विषय में पूर्ण जानकारी | सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में रियल स्टेट से सम्बन्धित सभी प्रकार के कार्य। |
| 15 | मेकेनिकल इंजी0 | तीन वर्ष | सम्बन्धित विषय में पूर्ण जानकारी | सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में निजी प्रतिष्ठानों में एवं अन्य उद्योगों में मशीनों की बनावट निर्माण आदि के कार्य। |
| 16 | ऑटोमोबाईल इंजी0 | तीन वर्ष | सम्बन्धित विषय में पूर्ण जानकारी | वाहनों तथा उससे सम्बन्धित मशीनों से सम्बन्धित कार्य। |
| 17 | ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स | तीन वर्ष | सम्बन्धित विषय में पूर्ण जानकारी | गेम प्रोग्रामर, मेडिकल डॉयगनोसिस तथा विभिन्न ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स से जुड़े क्षेत्रों में विशेषज्ञ के रूप में रोजगार के अवसर। |

## ।।ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक निर्देश।।

(1) आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक भरना एक महत्वपूर्ण कार्य है। अभ्यर्थी प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आदि को सावधानी पूर्वक पढ़कर ही आवेदन पत्र भरें, क्योंकि आनलाईन फार्म में सनिरीक्षा कठिन होती है। साईबर कैफे से आवेदन भरने वाले अभ्यर्थी शुल्क जमा करने से पूर्व अपना आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक पढें। आवेदन पत्र जमा (Submit) करने के बाद आवेदन पत्र में किसी भी प्रविष्टि को संशोधित नहीं किया जायेगा।

(2) अभ्यर्थी उर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी का अंकन ऑनलाइन आवेदन पत्र में अवश्य करें। आरक्षण का दावा न किये जाने की दशा में अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ कदापि अनुमन्य नहीं होगा।

(03) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि **सभी प्रकार के पूर्ण ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को नियत समय तक अभ्यर्थी को "ONLINE APPLICATION" प्रक्रिया में "Register Now" बटन को "Click" करना अनिवार्य है। तत्पश्चात नियत अवधि तक परीक्षा शुल्क Net Banking/Debit Card/Credit Card के माध्यम से जमा करना है। परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा फोटो, हस्ताक्षर एवं अन्य सभी जानकारी अपलोड करने के उपरान्त ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।**

4) अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन की प्रिन्टआउट प्रति भविष्य में परिषद् से किये जाने वाले पत्राचार व अन्य आवश्यक उपयोग/साक्ष्य हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

(5) उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में गलत तथ्यों का प्रकटीकरण जिनका वैध प्रमाण–पत्रों के आधार पर पुष्टि न हो या फर्जी प्रमाण पत्रों (शैक्षिक योग्यता/अनुभव/आरक्षण सम्बन्धी) के आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थियों को परिषद् की समस्त परीक्षाओं से अधिकतम् 03 वर्षो के लिए प्रतिवारित कर दिया जायेगा साथ ही सुसंगत विधि के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध अभियोग भी दर्ज कराया जा सकता है।

(6) परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा। अभ्यर्थी को मात्र प्रवेश–पत्र जारी किए जाने का यह अर्थ नही होगा कि उसका अभ्यर्थन परिषद् द्वारा अंतिम रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नही था तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

(7) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त आवेदन में की गयी प्रविष्टियों यथा अर्हता, आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी, आयु एवं परीक्षा केन्द्र या अन्य किसी बिन्दु पर किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(8) ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लें तथा ऑनलाइन आवेदन को सही–सही भरें। परिषद् में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दिए जाने के उपरान्त मूल आवेदन में दर्शाए गए विवरणों/प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।

(9) अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें, बल्कि उससे पर्याप्त समय पूर्व ही अपना ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

(10) ऑफलाईन ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र उत्तराखण्ड में समस्त राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थानों में उपलब्ध है।

(11) प्रत्येक ग्रुप के लिये अभ्यर्थी अलग–अलग आवेदन एवं शुल्क जमा करेंगे।

**संयुक्त सचिव,**
**संयुक्त प्रवेश परीक्षा एवं**
**प्रशिक्षण अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ,**
**अपर आमवाला, देहरादून**